तापमान
अधिकतम 44.1 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 25 मई 2026

12 पैसों के लालच में युवक ने परिवार के तीन सदस्यों का किया बेरहमी से कत्ल...



12 भाजपा परिवारवाद नहीं विचारवाद के आधार पर चलने वाली पार्टी



## खबर संक्षेप

### जंगल में गोमांस मिलने पर दो के खिलाफ केस दर्ज

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर के जंगल से मिले गोमास के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार छछरौली थाने में तैनात एएसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि 22 मई को उसे सूचना मिली थी कि इब्राहिमपुर जंगल में कुछ लोगों द्वारा गोकशी करके मास को पैक कर सप्लाई किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्हें जंगल से पशुओं का मांस बरामद हुआ। पुलिस टीम को आता देखकर दो आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर मिले मांस के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए भेज दिया।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**यमुनानगर।** जगाधरी के सिविल लाइन के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो दोस्तों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक नाले में जा गिरी। जिससे दोनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने दोनों दोस्तों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने एक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### बिजली के अघोषित कटों से ग्रामीण बेहाल

**बराड़ा।** क्षेत्र के गांव तंदवाल, चहलमाजरा, राउ माजरा, तंदवाली, दादूपुर, सोहत्ता सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में लग रहे अघोषित बिजली कटों ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। भीषण गर्मी के बीच बार-बार बिजली गुल होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि रविवार को सुबह से लेकर शाम तक करीब दस से अधिक बार बिजली के लंबे लबे कट लग चुके हैं। हालत यह है कि दिन के समय ही नहीं बल्कि रात में भी लगातार बिजली बाधित हो रही है, जिससे लोगों की नींद और दैनिक दिनचर्या दोनों प्रभावित हो रही हैं।

### अवैध वसूली मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल द्वारा अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए-2 की टीम ने अवैध वसूली के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कार्रवाई सीआईए-2 इंचार्ज निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस ने आरोपी अरमान पुत्र इनाम तथा साहिल पुत्र मेहरबान निवासी गांव मंगलौरा को गिरफ्तार किया है।

# दयानंद महिला महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 500 छात्राओं को मिली डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

दयानंद महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र में दीक्षांत समारोह और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन अत्यंत गरिमा और शैक्षणिक भव्यता के साथ किया गया। सत्र 2023-25 के छात्रों को कुल 128 पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनमें 20 विशेष श्रेणी के पुरस्कार शामिल थे। इसके अतिरिक्त कौशल्या जोध सिंह स्मृति पुरस्कार, श्रीमती अनीता गुप्ता पुरस्कार और प्राचार्य बाल स्वरूप गुप्ता स्मृति पुरस्कार जैसे स्मारक पुरस्कार भी क्रमशः संस्कृत, अंग्रेजी और गणित विषयों की टॉपर छात्राओं को प्रदान किए गए। विभिन्न संकायों की स्नातक और परास्नातक छात्राओं को कुल 297 उपाधियां प्रदान की गई। सुरेंद्र कुमार आर्य, कुलाधिपति, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार, अध्यक्ष सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा और चेयरमैनए जेबीएम ग्रुप ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई और दीक्षांत भाषण दिया। समारोह की अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र विद्यालंकार ने की।

डिग्री और पुरस्कार पाकर खुशी से झूमीं छात्राएं, 128 प्रतिभाओं का सम्मान



**सुरेंद्र कुमार को कर्मयोगी व समाजसेवी व्यक्तित्व बताया**

प्रबंध समिति के विशिष्ट सदस्यए डॉ. दीनानाथ अरोड़ा उपाध्यक्ष, आरएस नैन, कोषाध्यक्ष, डॉ. सूखदेव चौधरी, महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. उपासना आहुजा और कार्यक्रम समन्वयिका डॉ. उर्मिला पंघाल मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक आर्य परंपरा का पालन करते हुए मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलन की पावन प्रक्रिया के साथ हुआ। इसके बाद शैक्षणिक गौरव और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रतीक महाविद्यालय का कुलगीत प्रस्तुत किया गया। सभा का स्वागत करते हुए समारोह के अध्यक्ष डॉ॰ राजेंद्र विद्यालंकार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और कहा कि पेशेवर और औद्योगिक क्षेत्रों में असाधारण सफलता प्राप्त करने के बावजूद सुरेंद्र कुमार आर्य समाज से गहराई से जुड़े हुए हैं और सादगी, विनम्रता और सेवा. आदर्शों का साक्षात रूप हैं। उन्हें एक सच्चा कर्मयोगी बताते हुए कहा कि आर्य ने एक साधारण ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने के बावजूद अपनी लगन और समर्पण के बल पर अपने पारिवारिक व्यवसाय को असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। साथ ही वे भारत के पूर्वोत्तर जनजातीय क्षेत्रोंए देश के दूरदराज के इलाकों तथा झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले वंचित समुदायों के बीच शिक्षा का प्रकाश फैलाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।

## छात्राओं को लक्ष्य, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया

कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट यशस्विनी के पहले अंक का औपचारिक रूप से विमोचन किया गया। सत्र 2023-25 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्राचार्या डॉ. उपासना आहुजा ने संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। पुरस्कार वितरणए इस समारोह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। दीक्षांत संबोधन में मुख्य अतिथि सुरेंद्र कुमार आर्य ने महाविद्यालय की प्रबंध समिति, प्राचार्याए शिक्षिका वर्ग, पुरस्कार विजेताओं और उपाधि प्राप्त करने वाली छात्राओं को बधाई दी और शिक्षा में उत्कृष्टताए मूल्यों पर आधारित शिक्षा तथा महिला सशक्तिकरण के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने अपने निजी अनुभवों और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विचारों के माध्यम से छात्राओं को प्रेरित किया। युवाओं के समक्ष मौजूद समकालीन चुनौतियों का जिक्र करते हुए, उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि वे अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें और शिक्षा के माध्यम से सीखे गए मूल्यों तथा अनुशासन को बनाए रखें। उन्होंने उन्हें अनावश्यक भटकावों से दूर रहने और जिम्मेदारीए सार्थक आकांक्षाओं तथा सामाजिक प्रतिबद्धता से निर्देशित जीवन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। पुरस्कार समारोह का सफल मंच संचालन अंजु चावला द्वारा किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## महाराणा प्रताप चौक पर शॉर्ट सर्किट से रेहड़ियां जलकर राख

# ट्रांसफार्मर के नीचे धधकता खतरा, क्या प्रशासन सोता रहा ?

**बड़ा हादसा टला**

**फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर पाया काबू**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा

कस्बे के सबसे व्यस्त और संवेदनशील माने जाने वाले महाराणा प्रताप चौक पर बीती रात बड़ा हादसा होते-होते टल गया। चौक पर बिजली के ट्रांसफार्मर में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण ट्रांसफार्मर के नीचे और आसपास खड़ी अवैध रेहड़ियों में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में चार रेहड़ियां जलकर पूरी तरह राख हो गईं। हादसे में रेहड़ी संचालक बब्बू का फल, इलेक्ट्रॉनिक कांटे, कैमरे सहित करीब ढाई लाख रुपये का सामान जल गया।





बराड़ा। महाराणा प्रताप चौक पर लगी हुई रेहड़ियां। *फोटो हरिभूमि*

### अवैध रेहड़ियों व प्रशासनिक लापरवाही पर उठे गंभीर सवाल

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात के समय अचानक ट्रांसफार्मर से चिंगारियां निकलीं और देखते ही देखते नीचे खड़ी रेहड़ियों ने आग पकड़ ली। मौके कुछ लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक लपटें विकराल रूप ले चुकी थीं। आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत यह रही कि हादसे के समय वहां भीड़ नहीं थी, वरना बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता था। इसके बाद मौके पर फायर बिग्रेड पहुंची और आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी गर्मियों के मौसम में ट्रांसफार्मर से शॉर्ट सर्किट और आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन और बिजली विभाग ने कभी स्थायी समाधान नहीं किया। लोगों ने आरोप लगाया कि चौक और बाजार में जगह जगह अवैध रेहड़ियों का जाल फैल चुका है। बाजार में दुकानों के आगे रेहड़ियां खड़ी करवाकर कुछ लोगों ने इसे "वसूली का कारोबार" बना लिया है। आरोप है कि सड़क के पीछे की जगह से जुड़े कुछ लोग रेहड़ी चालकों से हर महीने पैसा वसूलते हैं और बदले में उन्हें वहीं कब्जा कर रेहड़ी लगाने दी जाती है।

### चौक पर अतिक्रमण से बढ़ा हादसे का खतरा

महाराणा प्रताप चौक यहां का सबसे व्यस्त चौक है। यहां दिनभर वाहनों की भारी आवाजाही रहती है। इसके बावजूद सड़क के किनारे और बिजली ट्रांसफार्मर के नीचे रेहड़ियां लगने से न केवल जाम की स्थिति बनती है बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना रहता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर नगर पालिका, पुलिस प्रशासन और बिजली विभाग की जिम्मेदारी कहां गई? जिन अधिकारियों और पुलिस कर्मचारियों का रोज इसी मार्ग से आना-जाना होता है, उन्हें यह अवैध कब्जा और खतरा कभी दिखाई क्यों नहीं दिया? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा था? क्षेत्रवासियों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाने, ट्रांसफार्मर के नीचे से तुरंत अतिक्रमण हटाने और अवैध वसूली करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन अब भी नहीं जागा तो अगली बार यह लापरवाही किसी की जान भी ले सकती है। बराड़ा के मेन चौंक के पास धधकती यह आग अब केवल रेहड़ियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था पर भी बड़े सवाल खड़े कर रही है। अब देखना होगा कि प्रशासन के अफसर इन रेहड़ी संचालकों पर कब एक्शन लेते है।

## रंजिशन तीन दोस्तों पर आधा दर्जन से अधिक युवकों ने किया जानलेवा हमला

- पुलिस ने आरोपी नौ युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



शहर के तीर्थ नगर बाड़ी माजरा में रंजिश के चलते कुछ युवकों ने तीन दोस्तों को रास्ते में रोक कर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में तीनों दोस्त घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर चंद कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव तीर्थ नगर बाड़ी माजरा निवासी साहिल ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले कॉलोनी के ही शिवा तथा वंश उर्फ अपराधी के साथ किसी बात को लेकर कासुनी हो गई थी। उसे समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। साहिल ने बताया कि 22 मई को वह अपने दोस्त कार्तिक व समीर के साथ किसी काम से जा रहा था। इस दौरान आरोपी शिवा तथा वंश उर्फ अपराधी ने अपने साथियों वंश, पीयूष जायसवाल, बाबा जायसवाल, आशु गुर्जर, टिंकू, दीपक व सागर के साथ मिलकर उन तीनों को रास्ते में रोक लिया और उन पर लोहे की रॉड, कटर व डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने उन तीनों को अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## प्राइवेट अस्पताल के गेट पर युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का होगा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

रविवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक को दो लोग बाइक पर बीच में बैठाकर शहर के अंबेडकर चौक के पास एक प्राइवेट हॉस्पिटल के बाहर छोड़कर गए थे। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। तलाशी लेने पर पहचान के लिए कोई दस्तावेज नहीं मिला है। प्रारंभिक तौर पर नशे की ओवरडोज की आशंका जताई जा रही है, हालांकि, मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा। जानकारी अनुसार, रविवार को दो युवक एक अज्ञात युवक को बाइक पर बीच में बैठाकर शहर के सिग्नस हॉस्पिटल के बाहर लेकर पहुंचे। बताया जा रहा है कि युवक की हालत पहले से ही गंभीर थी। बाइक सवार उसे हॉस्पिटल के बाहर थड़ी के पास बैठाकर वहां से चले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक करीब 10 मिनट तक हॉस्पिटल के बाहर बैठा रहा। इस दौरान उसकी तबीयत लगातार बिगड़ती गई। वह पानी मांग रहा था और बुरी तरह छटपटा रहा था। युवक की हालत खराब देखकर आसपास के लोगों ने हॉस्पिटल स्टाफ को सूचना दी। हॉस्पिटल कर्मचारियों ने तुरंत व्हीलचेयर मंगवाकर उसे उपचार के लिए अंदर ले जाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं।

## सोशल मीडिया पर व्यक्ति से ठगे दो लाख 45 हजार रुपए

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

साइबर ठगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से गांव तेजली निवासी राजेश कुमार से दो लाख 45 हजार रुपये ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव तेजली निवासी राजेश कुमार ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने फेसबुक पर अपना नाम से अकाउंट बनाया हुआ है। 17 मई को उसके फेसबुक अकाउंट पर एक व्यक्ति का मैसेज आया। इसके बाद आरोपी ने उसे फेसबुक पर बात करनी शुरू कर दी। आरोपी ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया। इस दौरान आरोपी ने उसे खाते में पैसे ट्रांसफर करने को कहा। वह आरोपी की बातों में आ गया। इस दौरान उसने आरोपी के अकाउंट में दो लाख 45 हजार रुपये आरटीजीएस के माध्यम से भेज दिए। इसके बाद आरोपी ने उससे बात करनी बंद कर दी। इसके बाद उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला।

## बलराम मायना को अखिल भारतीय बैरागी महासभा का अध्यक्ष चुना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



बैरागी महासभा धर्मशाला में रविवार को बैरागी समाज का बड़ा सामाजिक सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में हरियाणा सहित विभिन्न जिलों से बैरागी समाज के हजारों युवा, बुजुर्ग और गणमान्य लोग पहुंचे। समाज के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए सर्वसम्मति से बलराम मायना को अखिल भारतीय बैरागी महासभा का अध्यक्ष चुना। इसके साथ ही समाज के वरिष्ठ सदस्य बीनू बैरागी बल्ला को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। जैसे ही बलराम मायना के नाम की घोषणा हुई, धर्मशाला तालियों और जयकारों से गूंज उठी। समाज के लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में हरियाणा बैरागी समाज महासभा के प्रधान ज्ञान सिंह सीतामाई, सत्यवान दुपेटा, जितेंद्र बावा, विकास जौली, प्रवीण बैरागी सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष बलराम मायना ने कहा कि बैरागी समाज हमेशा सामाजिक एकता, भाईचारे और धार्मिक मूल्यों को मजबूत करने का काम करता आया है।

## गेहूं घोटाले पर किसान यूनियन भड़की, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

- किसान यूनियन ने की दोषी अधिकारियों को सस्पेंड करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र में सरकारी गेहूं के स्टैग (चट्टों) पर पानी का छिड़काव कर वजन बढ़ाने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद शहीद भगत सिंह किसान यूनियन ने दोषी अधिकारियों को जांच के तुरंत बाद सस्पेंड कर सलाखों के पीछे की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि इस मामले में कोई लीपापोती नहीं होनी चाहिए, नहीं तो किसान यूनियन बड़ा आंदोलन करेगी। वे सीएम आवास तक जाएंगे और प्रदर्शन करेंगे। हालांकि उनको जांच समिति पर पूरा विश्वास है कि समिति निष्पक्ष जांच कर अपनी रिपोर्ट उपायुक्त को देगी। यूनियन के प्रधान संजू नंबरदार ने बताया कि विरोध करने के बाद ही सरकार को जांच कमेटी बनानी पड़ी। उनको बीपीएल परिवारों को न्याय मिलने की उम्मीद है। मामला केवल भ्रष्टाचार का मामला नहीं बल्कि बीपीएल परिवार की सेहत से भी मुद्दा है, क्योंकि यही गेहूं सरकारी डिपो के जरिए जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचता है। संजू ने कहा कि जांच के तुरंत बाद दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। समिति को 3 दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपनी है, जिसके तुरंत बाद सरकार को एक्शन लेना चाहिए। पराली जलाने, आग लगाने या दूसरी घटनाओं में किसानों पर तुरंत केस दर्ज कर कार्रवाई कर दी जाती है, लेकिन यहां सबूतों के साथ रंगे हाथ पकड़े जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई।

## हरियाणा में घर बैठे फेस स्कैन से जीवन प्रमाण पत्र की मांग

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के लगभग 2.5 लाख राज्य सरकार पेंशनरों को राहत दिलाने के लिए सेवानिवृत सहायक कुलसचिव, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय दविंदर सचदेवा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि राजस्थान सरकार की तर्ज पर हरियाणा में भी /"फेस रिकग्निशन तकनीक/" से घर बैठे वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र जमा कराने की सुविधा शुरू की जाए। सचदेवा ने बताया कि वर्तमान में 70-90 वर्ष की आयु के बुजुर्ग पेंशनरों को हर नवंबर में बैंक, ट्रेजरी या डाकघर जाकर बायोमेट्रिक जीवन प्रमाण पत्र देना पड़ता है। बीमार, अशक्त व दूरदराज गांवों के बुजुर्गों को इससे भारी परेशानी होती है। कई बार यात्रा में दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। उल्लेखनीय है कि हाल में ही राजस्थान सरकार ने मंत्रिमंडल बैठक में फैसला लिया है कि पेंशनर मोबाइल ऐप से फेस स्कैन कर घर बैठे जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकेंगे।

## असंध क्षेत्र के गांवों में पहुंचे केंद्रीय मंत्री, विकास कार्यों पर दिया जोर

# देश में बिजली की नहीं कोई कमी: मनोहर लाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश अब बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है और दूसरे देशों को भी बिजली देने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि पहले विपक्ष की सरकारों के समय बिजली संकट बना रहता था, जबकि आज हरियाणा के अधिकांश गांवों में म्हारा गांव-जगमग गांव योजना के तहत 24 घंटे बिजली उपलब्ध हो रही है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल अपने धन्यवाद दौरे के दौरान असंध विधानसभा क्षेत्र के गांव बालू, मंजूरा, औंगद, कतलाहेड़ी, जुंडला और पिचौलिया पहुंचे। यहां उन्होंने लोकसभा चुनाव में समर्थन देने पर ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया और लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने गांवों में लाइब्रेरी, श्मशान घाटों के रास्ते, चारदीवारी, शैड और पेयजल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने घोषणा की कि जिन गांवों में गरीब परिवारों की बेटियां पैदल स्कूल जाती हैं, वहां नौवीं से बारहवीं कक्षा तक पढ़ने वाली 500 छात्राओं की सूची तैयार कर उन्हें निशुल्क साइकिल उपलब्ध करवाई जाएगी।



### जाति भेदभाव खत्म करने का किया आह्वान

मनोहर लाल ने लोगों से जाति भेदभाव से ऊपर उठकर भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गांवों में अलग-अलग जातियों के श्मशान घाटों की बजाय एक सामान्य आधुनिक शिवधाम बनाया जाए, जिसके लिए सरकार की ओर से फंड उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि "कोई नहीं बोलेगा, मनोहर लाल बोलेगा" और समाज में जातिगत भेदभाव खत्म करने की दिशा में सभी को आगे आना चाहिए।

### 21 मई को देश में हुई रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 21 मई को देश में 270.80 गीगावाट बिजली की निर्बाध आपूर्ति की गई, जबकि वर्तमान में देश के पास 283 गीगावाट बिजली उपलब्ध है। आने वाले समय में 300 गीगावाट क्षमता के लिए तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में हरियाणा में 34 प्रतिशत लाइन लॉस था, जिसे घटाकर 11 प्रतिशत तक लाया गया है।

### हर ग्राम पंचायत में खुलेंगी लाइब्रेरी

मनोहर लाल ने कहा कि युवाओं के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। जिला की सभी 395 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी खोली जाएंगी ताकि ग्रामीण युवाओं को गांव स्तर पर ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी मिल रही है। इससे पढ़ने वाले विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। असंध विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन और बिना भेदभाव विकास कार्य करवाने का काम किया। उन्होंने ग्रामीण विकास और पंचायतों को मजबूत करने के फैसलों की सराहना की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, सांसद प्रतिनिधि कवींद्र राणा, विभिन्न गांवों के सरपंच, भाजपा पदाधिकारी, जिला प्रशासन के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### गुरु भक्ति से ही साधक बनता है पूजनीय : भारती

**करनाल।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से शिव चित्रगुप्त मंदिर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वश्री आशुतोष महाराज की साध्वी शिष्या मुमुक्षा भारती ने गुरु भक्ति के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक शिष्य के जीवन में गुरु का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान होता है। जब कोई व्यक्ति पुण्य कर्मों और संस्कारों के प्रभाव से पूर्ण गुरु की शरण में पहुंचकर ब्रह्मज्ञान की दीक्षा ग्रहण करता है, तभी वह भक्ति मार्ग का सच्चा साधक बनता है। मुमुक्षा भारती ने कहा कि साधना का मार्ग कठिन होता है और जो व्यक्ति मन, वचन और कर्म से स्वयं को गुरु के आदर्शों में ढाल देता है, वही सच्चा भक्त कहलाता है। गुरु भक्ति के प्रभाव से साधारण व्यक्ति भी देवतुल्य बनकर समाज में पूजनीय हो जाता है।

### रेलवे रोड एसो. की नई कार्यकारिणी गठित



**करनाल।** रेलवे रोड के दुकानदारों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें व्यापारियों ने सर्वसम्मति से रेलवे रोड वेलफेयर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया।बैठक में राजेंद्र मोंगा को अध्यक्ष चुना गया, जबकि संदीप लाठर और सुरेंद्र पाल सिंह को चेयरमैन की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा ललित जिंदल को सचिव और बंसी लाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नई कार्यकारिणी में कृष्ण लाल, सुदर्शन पसरीचा, राकेश कंबोज, अमित सहगल और वीरेन भाटिया को भी प्रमुख सदस्य बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि बाजार के विकास, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य किया जाएगा।

### मृत्यु जीवन का अटल सत्य : ज्ञानानंद महाराज

**करनाल।** सुविख्यात संत गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि मृत्यु जीवन का अटल सत्य है और मनुष्य को सदैव सत्कर्मों के मार्ग पर चलना चाहिए। उनके प्रेरक संदेशों के बीच रविवार को रांवर रोड स्थित अनमोल गार्डन में समाजसेविका स्वर्गीय उषा गुप्ता की स्मृति में प्रार्थना सभा आयोजित की गई। सभा में सामाजिक, राजनीतिक, प्रशासनिक, धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों से जुड़े अनेक गणमान्य लोगों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। वातावरण पूरी तरह भावुक दिखाई दिया और उपस्थित लोगों ने उषा गुप्ता के समाजहित में किए गए कार्यों को याद किया। उल्लेखनीय है कि 12 मई को स्वर्गीय उषा गुप्ता का निधन हो गया था। वह करनाल की महापौर एवं अखिल भारतीय महापौर परिषद की अध्यक्ष रेणु बाला गुप्ता की जेठानी भी थी।

## मांगें पूरी न होने पर मजदूरों ने आंदोलन की चेतावनी दी

# कई महीनों से मानदेय नहीं मिलने पर भड़के वन मजदूर

- सीटू कार्यालय में हुई जिला स्तरीय कन्वेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल





वन विभाग मजदूर यूनियन की जिला स्तरीय कन्वेंशन सीटू कार्यालय में जिला प्रधान सुरेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव सुरेश करनाल ने किया। कन्वेंशन में वन मजदूरों का कई महीनों से लंबित मानदेय, ईपीएफ, ईएसआई और अन्य मांगों को लेकर चर्चा की गई।

जिला प्रधान सुरेश कुमार, सीटू जिला प्रधान बिजनेश राणा और सतपाल सैनी ने कहा कि वन विभाग के मजदूरों को तीन-चार महीनों से मानदेय नहीं मिला है, जिससे गरीब मजदूर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने मांग की कि मजदूरों का वेतन हर महीने की पहली तारीख को जारी किया जाए तथा सभी मजदूरों को ईपीएफ और ईएसआई का लाभ मिले।

बैठक में वन मजदूरों को पक्का करने, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपए देने तथा श्रम विभाग में पंजीकरण करवाने की मांग भी उठाई गई। यूनियन नेताओं ने कहा कि विभाग के उच्च अधिकारी हर महीने यूनियन के साथ बैठक कर लंबित समस्याओं का समाधान करें। कन्वेंशन में निर्णय लिया गया कि यदि मजदूरों का वेतन और अन्य मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं तो जिला वन अधिकारी कार्यालय पर आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर ओपी माटा, मनोज कुमार, रोशनलाल, मान सिंह, सतीश, नन्ही, सीतो देवी, नरेश कुमार, राजेश कुमार, मूर्ति देवी, गुरदेई, रेशमा व भगवान दास सहित अन्य मौजूद रहे।

### मनरेगा बहाल करने और 700 रुपये दिहाड़ी की मांग

**करनाल।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन जिला कमेटी की बैठक सीटू कार्यालय में शीशपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में यूनियन के राज्य प्रधान जगमाल सिंह ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर ग्रामीण मजदूरों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मनरेगा को कमजोर करने से ग्रामीण मजदूरों के रोजगार पर संकट खड़ा हो गया है। मजदूरों को न्यूनतम वेतन तक नहीं मिल पा रहा। बैठक में मांग की गई कि मनरेगा को पूरी तरह बहाल किया जाए तथा सभी गांवों में मजदूरों को 200 दिन रोजगार और 700 रुपए प्रतिदिन मजदूरी दी जाए। बैठक में आरोप लगाया गया कि लंबे समय से पंचायत भूमि पर बसे गरीब परिवारों को उजाड़ा जा रहा है, जबकि चुनावों से पहले गरीबों को रिहायशी प्लॉट देने के वादे किए गए थे। पात्र परिवारों की आवास योजना की दूसरी और तीसरी किस्त भी लंबे समय से लंबित है। बीपीएल कार्डों से वंचित परिवारों की समस्या भी उठाई गई।

# खाना दवा के रूप में विषय पर लघु नाटिका का किया मंचन




तरावड़ी। कार्यक्रम में भाग लेते प्रताप स्कूल के बच्चे।

- जंक फूड के अत्यधिक सेवन से दुष्प्रभावों को दर्शाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में विद्यार्थियों द्वारा खाना दवा के रूप में विषय पर एक प्रभावशाली एवं संदेशप्रद लघु नाटिका का मंचन किया गया। यह नाटिका दिल्ली के एम्स में भर्ती एक टीनएज लडक़ी की वास्तविक घटना से प्रेरित थी, जिसमें जंक फूड के अत्यधिक सेवन से उसकी सेहत पर पडऩे वाले दुष्प्रभावों को दर्शाया गया। नाटिका के माध्यम से छात्रों ने दिखाया कि कैसे आधुनिक जीवनशैली में बच्चे स्वाद के चक्कर में पौष्टिक आहार को नजरअंदाज कर देते हैं, जिसके कारण उनका स्वास्थ्य धीरे-धीरे बिगड़ता जाता है। कहानी में लडक़ी की बिगड़ती हालत, अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति और उसके परिवार की चिंता को बड़े ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया।

अंतिम दृश्य में डॉक्टर्स द्वारा विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करते हुए संतुलित एवं पौष्टिक भोजन के महत्व को समझाया गया। उन्होंने बताया कि असली स्वास्थ्य किचन से शुरू होता है और हमें जंक फूड से दूर रहकर हरी सब्जियां, फल, दालें एवं घर का बना खाना अपनाना चाहिए। इस संदेश ने सभी दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया।

# तीन वाहन चोर गिरफ्तार, चार चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद

- एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ टीम को मिली बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



जिला पुलिस करनाल द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चार चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की हैं।

सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार गहलावत की अध्यक्षता में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कुलवन्त सिंह उर्फ कान्ता निवासी रामनगर करनाल, आशुतोष उर्फ आशु उर्फ चिन्टू निवासी पिपली जिला कुरुक्षेत्र तथा नितेश कुमार उर्फ काला निवासी सिरसमा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी हुई मोटरसाइकिल बरामद की। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने थाना सिविल लाइन करनाल के हुई चोरी की वारदात का भी खुलासा किया।

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि चोरी की मोटरसाइकिल आरोपी नितेश कुमार को बेची गई थी, जिसके बाद पुलिस ने उसे चोरीशुदा बाइक सहित गिरफ्तार कर दूसरी मोटरसाइकिल भी बरामद की।पुलिस जांच में पता चला कि कुलवन्त सिंह और नितेश कुमार के खिलाफ पहले भी चोरी के मामले दर्ज हैं। आरोपियों ने बताया कि जल्दी अमीर बनने और अपने शौक पूरे करने के लिए उन्होंने चोरी की वारदातों को अंजाम दिया।

### नि:शुल्क सिलाई सेंटर का शुभारंभ किया

**घरौंडा।** ब्राह्मण सभा घरौंडा ने समाज सेवा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बढ़ाते हुए पंडित गीता राम ब्राह्मण धर्मशाला, मेन बाजार घरौंडा में निःशुल्क सिलाई सेंटर का शुभारंभ किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें अपने हुनर के बल पर सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम मंदिर के मुख्य पुजारी श्री कृष्ण कौशिक की माताजी ने रिबन काटकर विधिवत रूप से किया। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा के प्रधान ललित शर्मा ने कहा कि जब एक महिला आत्मनिर्भर बनती है तो केवल उसका जीवन ही नहीं, बल्कि पूरा परिवार और समाज सशक्त होता है। पूर्व तहसीलदार अनिल कौशिक ने कहा कि महिलाएं किसी भी समाज की रीढ़ होती हैं और जब उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है तो वे न केवल अपने परिवार का सहारा बनती हैं।

# बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया के 303वें प्रकाश पर्व पर हुआ गुरमत समागम

- जरूरतमंद परिवारों को सिलाई मशीनें और बेड शीट वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



सिक्ख कौम के महान जरनैल बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया के 303वें जन्म दिवस को समर्पित गुरमत समागम का आयोजन गुरुद्वारा रामगढ़िया भवन रेलवे रोड करनाल में किया गया। कार्यक्रम रामगढ़िया सभा करनाल के तत्वावधान में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित हुआ।

समागम की शुरुआत बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया चौक पर संगत के एकत्रित होने से हुई, जहां चौक को फूलों से सजाया गया तथा श्रद्धालुओं में मिठाई वितरित की गई। इसके बाद गुरुद्वारा साहिब के दीवान हाल में श्री अखंड पाठ साहिब के भोग उपरांत कथा-कीर्तन का आयोजन हुआ। भाई तेजिंदर सिंह, बीबी खुशदीप कौर एवं हेड ग्रंथी भाई अजीत सिंह के रागी जत्थों ने कीर्तन की हाजिरी भरी। प्रचारक भाई सुखबीर सिंह चैना ने इतिहास एवं गुरमत विचारों से संगत को निहाल किया, जबकि प्रचारक अंग्रेज सिंह पन्नू ने भी संगत को संबोधित किया। कार्यक्रम में दिल्ली से पहुंचे आप इंडिया रामगढ़िया विश्वकर्मा फेडरेशन के प्रधान सुखदेव सिंह रयात ने बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया के जीवन एवं समाज के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने फेडरेशन द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर रामगढ़िया सभा करनाल की ओर से 35 जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क सिलाई मशीनें एवं बेड शीट वितरित की गईं। समागम में गुरु का अटूट लंगर बरता गया।

# जेठ ने गेट की कुंडी तोड़कर महिला से की छेड़छाड़, केस

- जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप भी लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले के कुंजपुरा थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक विवाहिता ने अपने ही जेठ पर मारपीट, छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला का आरोप है कि उसका जेठ उसे लंबे समय से परेशान कर रहा था। इससे पहले भी उसने कई बार उसके साथ मारपीट की, जिसकी शिकायत उसने कुंजपुरा थाने में दी थी, लेकिन उस समय पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। महिला के अनुसार, आरोपी जेठ उसके पति को भी उसके खिलाफ भड़काता रहता है। आरोपी अक्सर कहता है कि इसके तीन लड़कियां हैं, इसे तंग करो ताकि यह खुद घर छोड़कर चली जाए। जब यह चली जाएगी, तो तुम्हारी दूसरी शादी करवा देंगे। महिला ने बताया कि उसका पति सुबह करीब 7:30 बजे दुकान पर जाता है और रात 11 से 11:30 बजे के बीच लौटता है। आरोपी जेठ ने उसके घर के गेट की कुंडी तोड़ दी और अंदर रखे फ्रिज को जोर से धक्का मारा। इसके बाद आरोपी ने महिला के बाल पकड़ लिए और दूसरे हाथ से उसके प्राइवेट अंगों को खींचने (छेड़छाड़) की कोशिश की।

### असाइनमेंट और परीक्षा प्रक्रिया की दी जानकारी

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केंद्र 1090 बुद्धा कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन तथा 1064 बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन मीटिंग आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को इग्नू की शैक्षणिक एवं ऑनलाइन प्रणाली की विस्तृत जानकारी देना रहा।

इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने विद्यार्थियों को परीक्षा प्रक्रिया, री-रजिस्ट्रेशन, असाइनमेंट और सोशल मीडिया के माध्यम से इग्नू द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से समय पर असाइनमेंट जमा करने और विश्वविद्यालय की ऑनलाइन सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

# मोबाइल टावर लगाने पर कॉलोनीवासियों में रोष

- कार्य पूरी तरह बंद नहीं किया जाता, तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

बरसत रोड स्थित वतन सिंह कॉलोनी में एक निजी कंपनी द्वारा मोबाइल टावर लगाने की प्रक्रिया शुरू किए जाने से कॉलोनीवासियों में भारी रोष फैल गया है। विरोध स्वरूप स्थानीय निवासियों ने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया और टावर को तत्काल हटाने की मांग उठाई।

मामले की जानकारी देते हुए एडवोकेट जेपी शेखपुरा, स्थानीय निवासी जसवंत सिंह, नाथूराम कश्यप सहित अन्य कॉलोनीवासियों ने बताया कि कॉलोनी के बीच खाली पड़े प्लॉट में एक कंपनी द्वारा मोबाइल टावर लगाने का कार्य शुरू किया गया है। इसे लेकर आसपास रहने वाले लोगों में चिंता और नाराजगी का माहौल है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि टावर लगने से क्षेत्र में रहने वाले छोटे बच्चों, बुजुर्गों और पशुओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। वहीं आसपास दो निजी स्कूल होने के कारण अभिभावकों में भी चिंता बढ़ गई है। लोगों ने आशंका जताई कि टावर से निकलने वाली तरंगों से गंभीर बीमारियों का खतरा उत्पन्न हो सकता है। इस संबंध में उन्होंने गत 11 मई को कॉलोनी के पार्षद सोमनाथ से बातचीत की थी।

## न्यूज डायरी

### चुलकाना धाम पर मिलता श्याम बाबा का आशीर्वाद



**तरावड़ी।** चुलकाना धाम एक तीर्थ स्थल है जहां पर लोग श्याम बाबा का आर्शीवाद प्राप्त करते है। इस श्याम बाबा के धाम की पावन धरती पर पहुंचते ही श्रद्धालुओं को एक अलग ही सुख एवं शांति की अनुभूति होती है। भगवान श्याम बाबा के प्राचीन धाम में देश-विदेश से आने वाले भक्त भक्ति रस में डूबकर श्याम बाबा के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य मानते हैं। मंदिर में गूंजते भजन-कीर्तन और हारे का सहारा श्याम बाबा के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहता है। श्याम बाबा के दर्शनों के बाद बातचीत करते हुए समाजसेवी रामेश्वर गुप्ता एवं राजन गुप्ता ने कहा कि बाबा के दर्शन मात्र से मन को असीम शांति मिलती है और भगवान श्याम बाबा की कृपा हर भक्त पर बनी रहती है। इस अवसर पर उनके साथ राजेश गुप्ता, रिंकू गुप्ता एवं राजकुमार व अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि श्याम बाबा की पवित्र भूमि पर कदम रखते ही मन को अद्भुत शांति मिलती है। धाम में पहुंचे श्रद्धालु भगवान श्याम बाबा की भक्ति में पूरी तरह लीन नजर आए। मंदिर में उन्होंने श्रद्धा भाव से दर्शन कर खाटू श्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

फोटो नः—3 - बाबा के दर्शनों के बाद बाहर आते समाजसेवी रामेश्वर गुप्ता, राजेश गुप्ता, राजन गुप्ता व रिंकू गुप्ता

### वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट की नई पहल



**करनाल।** वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट ने सर्व समाज के लिए एक नई सामाजिक पहल शुरू की है। अब अग्रसेन भवन सेक्टर-8 में किसी भी समाज या बिरादरी का परिवार अपने बच्चों का विवाह समारोह मात्र एक लाख रुपए में आयोजित कर सकेगा। इस राशि में 100 लोगों के भोजन, डेकोरेशन, डीजे सहित विवाह से जुड़ी आवश्यक व्यवस्थाएं ट्रस्ट की ओर से उपलब्ध करवाई जाएंगी। यह निर्णय वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट की बैठक में प्रधान शम्मी बंसल की अध्यक्षता में लिया गया। प्रधान शम्मी बंसल ने बताया कि समाज के लोगों से मिले सुझावों और बैठक में हुई चर्चा के बाद यह योजना लागू करने का फैसला लिया गया है। योजना का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को कम खर्च में सम्मानपूर्वक विवाह की सुविधा उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि इस योजना की जानकारी सर्व समाज और 36 बिरादरी तक पहुंचाई जाएगी ताकि अधिक से अधिक परिवार इसका लाभ उठा सकें। ट्रस्ट लगातार महाराजा अग्रसेन की विचारधारा पर चलते हुए सामाजिक कार्य कर रहा है। अग्रसेन भवन में समय-समय पर सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर महासचिव पीके जैन, कोषाध्यक्ष बृज गर्ग, प्रदीप बंसल, राजेश गोयल, अंकुर गुप्ता, पंकिल गोयल, मनोज मित्तल, राजेंद्र गर्ग, बृजलाल गर्ग, पंकजमणि गोयल, योगेश गोयल, हरीश अग्रवाल व विनय गोयल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## श्रीराम राइस ग्रुप ने किया कथा का आयोजन, श्रद्धा की उमड़ी बयार

# भारतीय संस्कारों को अपनाए युवा पीढ़ी : कबीरपंथी

- विधायक भगवानदास, चेयरमैन समेत कई गणमान्य लोगों ने लिया आरती में हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के सातवें दिन भगवान की आरती करते विधायक भगवानदास कबीरपंथी व अन्य।

श्रीराम राइस ग्रुप तरावड़ी की ओर से रुक्मिणी विहार स्थित लीलावती धाम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के सातवें दिन हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी से कथा स्थल पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे दिखाई दिए, वहीं मधुर भजनों और आकर्षक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया।

कथा में नीलोखेड़ी हल्के के विधायक भगवादास कबीरपंथी ने विशेष रूप से पहुंचकर भगवान की आरती में हिस्सा लिया और श्रद्धालुओं के साथ कथा का श्रवण किया। विधायक ने कहा कि श्रीराम राइस ग्रुप द्वारा कराया जा रहा यह विशाल धार्मिक आयोजन समाज को आध्यात्मिक ऊर्जा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज के समय में ऐसे धार्मिक आयोजन युवाओं को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोडऩे का माध्यम बन रहे हैं। विधायक ने कहा कि धार्मिक व सामाजिक कार्यों में उनका योगदान हमेशा सराहनीय रहा है। कथा में श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की भी उन्होंने खुलकर तारीफ की। विधायक भगवादास कबीरपंथी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा जैसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारे का संदेश देते हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में ऐसे सत्संग लोगों को मानसिक शांति और आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करते हैं। श्रीराम राइस ग्रुप द्वारा कराया जा रहा यह भव्य आयोजन वास्तव में सराहनीय है। युवा पीढ़ी को भी ऐसे आयोजनों से प्रेरणा लेकर भारतीय संस्कारों को अपनाना चाहिए। सुप्रसिद्ध कथाव्यास श्री विवेक जी महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी विवाह केवल एक धार्मिक प्रसंग नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास और समर्पण का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने जीवन में भगवान का स्मरण और सत्संग को अपनाता है, उसके जीवन में सुख और शांति स्वतः आ जाती है। कथा के दौरान महाराज जी के भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे तथा महिलाओं ने नृत्य कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर मार्किट कमेटी चेयरमेन रणदीप चौधरी, नगरपालिका चेयरमेन वीरेंद्र बंसल, उद्योगपति कृष्ण चंद सिंगला, लाला साधुराम सिंगला, रविंद्र सिंगला, प्रमोद सिंगला, विजय सिंगला, संजय सिंगला, राकेश सिंगला, महेश सिंगला, आदि मौजूद रहे।

### ऋषि-मुनियों के सिद्धांत महत्वपूर्ण : संदीप लोहट

**घरौंडा।** घरौंडा खण्ड के कालरों गांव में रविवार को कश्यप चौपाल में महर्षि कश्यप जयन्ती को बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य रूप से भाजपा मण्डल मीडिया प्रभारी संदीप लोहट, पंच नक्कल सैन, तेजबीर वाल्मीकि, रामदिया कश्यप, वीरेंद्र राणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम हवन यज्ञ कर सभी अतिथियों ने महर्षि कश्यप के चित्र पर पुष्पअर्पित कर कोटि कोटि नमन किया। भाजपा के मण्डल मीडिया प्रभारी संदीप लोहट ने अपने सम्बोधन में उपस्थित लोगों को कश्यप जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी और ग्रामीणों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुझे बड़ी खुशी होती है कि गांव में सभी महापुरुषों की जयंती को जाति धर्म से ऊपर उठाकर मिलकर मनाते हैं जिसे समाज मे सामाजिक समरसता का संदेश भी जाता है। महर्षि कश्यप ने ज्ञान, तप और अनुसंधान से मानव सभ्यता को नई दिशा दी।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने चोरी के केस में कबाड़ी पकड़ा

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने सेक्टर 25 बाईपास पर दुकान के बाहर खड़ी ई-रिक्शा से चोरी की बैटरी खरीदने वाले आरोपी कबाड़ी सुमन कुमार निवासी लक्ष्मी नगर, उझा रोड, पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं, पुलिस ने सुमन कुमार के रूप में हुई है। आरोपी के पास से चोरी की दो बैटरी बरामद हुई है। थानेदार संदीप ने बताया कि ई रिक्शा से बैटरी चोरी करने के आरोपी इरशाद पुत्र शौकत अली निवासी विकास नगर सोनीपत हाल झुग्गी उग्रा खेड़ी रोड को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं, इस मामले में थाना चांदनी बाग में तहसील कैंप के भगत नगर निवासी आर्यन पुत्र प्रवीन कुमार की शिकायत पर केस दर्ज है।

### सैनी सेवा ट्रस्ट ने मेधावी विद्यार्थी किए पुरस्कृत

**समालखा।** सैनी सेवा ट्रस्ट देहरा द्वारा क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। जिसमें 10वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार, मेडल, प्रशस्ति चिन्ह तथा शिक्षा से संबंधित उपयोगी सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य समाजसेवी लख्मी चंद, माया देवी, अंजू, राक्सेड़ा के सरपंच रामधन, कारकोली के सरपंच रामसिंह व रामफल सैनी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### अपराध पर अंकुश के लिए पुलिस का सहयोग करें

**इसराना।** अपराध पर तभी अंकुश लगेगा जब पुलिस का सहयोग आमजन से लेकर खास जन तक करेंगे। पुलिस ने संकल्प लिया है और किसी भी गैरकानूनी कार्य करने वाले को बक्शा नहीं जाएगा। इसराना थाना एसएचओ हरि राम ने इसराना थाना प्रांगण में पहुंचे इसराना थाना क्षेत्र के सरपंचों से सीधा संवाद किया ओर उनको भरोसा दिया के गांवों में ऐसे गैरकानूनी कार्य हो रहा हो इसकी सूचना समय पर पुलिस को दी जाए ताकि समय रहते इस पर अंकुश लगाया जाए। इस अवसर पर इसराना सरपंच राजेश जागलान, मोनू डाहर, संजीत परढाना, रोहित मलिक बुआना लाखू, संदीप कारद, धरमबीर, हर्ष जागलान आदि उपस्थित रहे।

### लोकतंत्र को मजबूती में सहयोग करें मतदाता

**पानीपत।** जिला पानीपत में लोकतंत्र की जड़ें लगातार मजबूत हो रही हैं। 20 मई 2026 तक जारी वर्तमान मतदाता आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 9 लाख 66 हजार 503 तक पहुंच गई है। इनमें 5 लाख 09 हजार 479 पुरुष, 4 लाख 57 हजार 001 महिला तथा 23 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। वहीं, पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कुल 3 लाख 07 हजार 348 मतदाता दर्ज किए गए हैं। इनमें 1 लाख 62 हजार 383 पुरुष,1 लाख 44 हजार 956 महिला तथा 9 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।

### डाइज एंड केमिकल्स ट्रेडर्स एसोसिएशन की हुई बैठक

**पानीपत।** डाइज एंड केमिकल्स ट्रेडर्स एसोसिएशन साल 2026-2028 की पहली जनरल बॉडी मीटिंग हुई। बैठक में प्रधान अशोक बठला, रजनीश अरोड़ा, सतीश गुप्ता, कवल सिंह, आशीष गोयल, मनीष अग्रवाल, संजीव मनचंदा, सतपाल गोयल, पवन गर्ग, हरीश बंसल, नवीन वैद्य, अशोक जिंदल व नीरज गोयल आदि मौजूद रहे।

### कौशल प्रशिक्षण लें बेरोजगार युवा

पानीपत। अनुसूचित जाति के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार से जोड़ने की दिशा में सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान मुरथल के संयुक्त तत्वावधान में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। उपायुक्त के मार्गदर्शन में इस योजना के अंतर्गत हरियाणा राज्य के अनुसूचित जाति वर्ग के 440 बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण दिया।

---

गांव लाखू बुआना में तैयार हो रहे पहलवान

# बढ़ते पारे में मिट्टी में तप रहा पहलवानों में मेडल का जुनून

**15 वर्षों में पहलवानों ने 450 पदक जीते, गांव में रेसलिंग हाल और खेल नर्सरी की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

रोजाना बढ़ता पारा, मन में देश के लिए आगे बढ़ने का जुनून और मां-बाप का आशीर्वाद, बस यही कुछ बयां करता है जिले के गांव लाखू बुआना में कुश्ती का अभ्यास करने वाले छह से 17 वर्ष तक की आयु के उन तीन दर्जन से ज्यादा बच्चों का संघर्ष, जो सामाजिक संस्था फैला उजियारा फाउंडेशन के प्रयासों से अपने जीवन को नई दिशा देने में जुटे हुए हैं। इन नन्हें पहलवानों की आंखों में बड़े सपने हैं। कोई किसान का बेटा है तो कोई मजदूर की संतान, लेकिन हालात चाहे जैसे भी हों, इन बच्चों ने बचपन से ही खुद को साबित करने का संकल्प लिया हुआ है। सुबह की तपती धूप हो या शाम की उमस, ये खिलाड़ी अखाड़े में पसीना बहाकर देश के लिए मेडल जीतने का सपना संजोए हुए हैं। संस्था से जुड़े खिलाड़ियों ने पिछले 15 वर्षों में खंड स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं में 450 से ज्यादा पदक जीतकर गांव और जिले का नाम रोशन किया है।


पानीपत। गांव लाखू बुआना के अखाडे में पहवानों के साथ अतिथि।

**बच्चों को तकनीक के साथ तैयार किया जा रहा**

अखाडे में नन्हें पहलवानों को प्रतिदिन सुबह दो घंटे और शाम तीन घंटे कुश्ती का प्रशिक्षण देने वाले एनआईएस क्वालीफाइड कोच नरेंद्र मलिक ने कहा कि उनका लक्ष्य केवल पहलवान तैयार करना नहीं, बल्कि ऐसे खिलाड़ी तैयार करना है जो देश के लिए पदक जीतें। उन्होंने कहा कि जब कोई खिलाड़ी तिरंगा लहराता है तो वह पल पूरे देश के लिए गौरव का होता है। हमारा सपना है कि लाखू बुआना के खिलाड़ी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का झंडा बुलंद करें। इसके लिए बच्चों को अनुशासन, मेहनत और तकनीक के साथ तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव के बच्चों में अथाह ऊर्जा और जज्बा है। जरूरत केवल बेहतर सुविधाओं और निरंतर सहयोग की है। जूनियर कोच आकाश मलिक का कहना है कि संस्था का उद्देश्य गांव की प्रतिभाओं को सही मंच देना है ताकि आर्थिक अभाव किसी खिलाड़ी के सपनों के बीच दीवार न बन सके।

**खेलों में भविष्य बनाने पर दिया जा रहा जोर**

संस्था की अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने बताया कि संस्था से जुड़ा हर खिलाड़ी देश के लिए खेलना चाहता है और सभी का पूरा ध्यान अपने खेल को बेहतर बनाने पर है। उन्होंने कहा कि बच्चों की मेहनत और लगन देखकर विश्वास होता है कि आने वाले समय में यही खिलाड़ी गांव, जिले और देश का नाम रोशन करेंगे। वहीं, गांव बुआना लाखू में फैला उजियारा फाउंडेशन में आधुनिक रेसलिंग हाल और खेल नर्सरी स्थापित की जाए ताकि छोटे बच्चों की प्रतिभा को और बेहतर मंच मिल सके तथा पारंपरिक खेल कुश्ती को नई मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जा सके। ओलंपिक गोल्ड मेडल विजेता नवदीप भी इसी अखाड़े की पैदाइश हैं। इस अखाड़े से निकले कई पहलवानों का सेना, पैरामिलिट्री फोर्स, चंडीगढ़ पुलिस और इनकम टैक्स विभाग में चयन हो चुका है। यही नहीं, कई खिलाड़ी खेलो इंडिया के लिए चयनित हुए हैं, जबकि अनेक खिलाड़ियों ने इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

---

# डीएम इलेवन ने जीता डीआर कार्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** डीआर कार्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता टीम डीएम इलेवन।

डीआर इंटरनेशनल स्कूल मैदान गांव काकोदा में 11वें डीआर कार्पोरेट 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच डीएम इलेवन क्रिकेट टीम और गढ़ी केसरी क्रिकेट टीम के मध्य रविवार को खेला गया। फाइनल मैच में डीएम इलेवन क्रिकेट टीम ने एक तरफा मुकाबले में 8 विकेट से जीत हासिल की। गढ़ी केसरी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 213 रन बनाये, पंकित कौशिक ने नाबाद 84 व शशिकांत ने 53 रनों की पारियां खेली, लोकेश कादयान ने 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीएम इलेवन क्रिकेट टीम ने 19वें ओवर में सिर्फ 2 विकेट पर 214 रन बनाकर फाइनल मैच जीत लिया, कमलदीप मलिक ने सर्वाधिक नाबाद 95 रन, सुरेश पंघाल ने 37 रन व पंकज वर्मा ने नाबाद 34 रन बनाए, कमलदीप मलिक को मैन आफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट में 8 टीमों ने भाग लिया व कुल 15 मैच खेले गए। टूर्नामेंट में हरदीप मलिक ने सर्वाधिक 246 रन, कमलदीप मलिक ने 239 रन व सचिन त्यागी ने 229 रनबनाये, लाला ने सर्वाधिक 12 विकेट व टीनू गुलिया ने 10 विकेट लिए। हर्ष त्यागी को टूर्नामेंट का श्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुना गया। 246 रन व 3 विकेट लेकर ऑलराउंडर प्रदर्शन करने वाले हरदीप मलिक को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। टूर्नामेंट के फाइनल मैच में आयोजक अमित खोखर व सुमित खोखर ने विजेता कप्तान दीपक मलिक को ट्राफी प्रदान की।

## रोमानिया में सागर ने जीता ब्रांज मेडल, किया सम्मानित

**समालखा।** यूरोप महाद्वीप के देश रोमानिया में 22 से 24 मई तक आयोजित आठवीं वर्ल्ड क्वानकीड़ो इंटरनेशनल प्रतियोगिता में भारतीय टीम में शामिल समालखा स्थित यामिन इंटरनेशनल स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी सागर ने कांस्य पदक जीतकर विशेष उपलब्धि हासिल की। इनको बेस्ट फाइटर चुना गया। वहीं, ग्रुप अंक प्रणाली के आधार पर भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। भारतीय टीम के कोच अतुल पतंगोतरा और अजय दलाल रहे, जबकि टीम प्रबंधन की जिम्मेदारी सुनीलदत्त,नवीन और अभिषेक ने संभाली। इधर, इंडिया क्वानकीड़ो फेडरेशन के उपाध्यक्ष यमीन खान, जितेंद्र मलिक, अनिल कुमार, जिंदा छोक्कर बिलंदपुर, सुरेंद्र सरोहा, रणवीर आदि ने सागर को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।



पानीपत। रोमानिया में ब्रांज मेडल ग्रहण करते हुए सागर

---

# छात्रों को एनएसएस का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** आईबी कॉलेज के विद्यार्थी जनता को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए।

आईबी कॉलेज में नव विद्यार्थियों में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। महाविद्यालय न केवल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व, राष्ट्र सेवा एवं व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में भी निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। वहीं, प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त माध्यम है। इससे विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक संवेदनशीलता एवं राष्ट्र सेवा की भावना विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे प्रवेश के साथ-साथ एनएसएस जैसी गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। वहीं, एनएसएस में सामाजिक, जागरूकता एवं सेवा आधारित गतिविधियों, स्वच्छ हरियाणा, स्वस्थ हरियाणा, ग्रीन इंडिया थीम आधारित विशेष शिविरों में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। वहीं, डिजिटल साक्षरता, लैंगिक समानता, स्वच्छ भारत अभियान, नशा मुक्ति जागरूकता, सीपीआर एवं फर्स्ट एड ट्रेनिंग, वृक्षारोपण, सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता तथा सामाजिक सेवा के प्रति जागरूक किया जाता है।

# भाजपा की असली शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता

- सेवा साधना केंद्र में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का स्वागत करते हुए विधायक मनमोहन भडाना।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा देशभक्ति, राष्ट्रवाद और अंत्योदय की भावना से गरीब कल्याण के लिए समर्पित भाव से काम करती है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता है, जो गांव से लेकर बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करता है। आज भाजपा अगर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है, तो उसके पीछे करोड़ों कार्यकर्ताओं की मेहनत, अनुशासन और समर्पण है। केंद्रीय मंत्री मनोहर, रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षक अभियान के तहत पानीपत जिले के गांव पट्टीकल्याणा स्थित सेवा साधना केंद्र के सभागार में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का रविवार को समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा में प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान सर्वोपरि है। सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे वर्ष 2047 से पहले भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के लिए और अधिक मेहनत व प्रयास करें। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कविता जैन, जिला परिषद चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, रोशन लाल मेहला, दिल्ली से विधायक राजकुमार भाटिया, ज्योति कुंडिया, मीडिया प्रभारी राजीव जेटली, अनीता चावला, लोकेश नांगरू, डॉ. राजबीर आर्य, पानीपत जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, विधायक मनमोहन भड़ाना, मीडिया प्रभारी ओमदत्त शर्मा आदि ने शिरक्त की।

---


**पानीपत।** योग शिविर में एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति का ज्ञान लेते साधक।

### योग करने से मानव शरीर रहता है निरोगी : डॉ. सिंह

**पानीपत।** पानीपत के सुखदेव नगर पार्क में पांच दिवसीय योग शिविर का रविवार को समापन हो गया। वहीं, डॉ शेषपाल सिंह जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान पतंजलि ने योगाभ्यास करवाते हुए साधकों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। जबकि योग शिक्षक लोकमान ने एक्यूप्रेशर से रोगों का निवारण करने का ज्ञान दिया। कैंप में साधकों को हैप्पी योग कराया व हैप्पी थेरेपी कराई गई। इस अवसर पर अशोक अरोड़ा, जिला पतंजलि किसान सेवा समिति अध्यक्ष रामपाल शर्मा, सुभाष नारंग, सुमन नारंग, आनंद सागर, अजय गोयल, एसके गोयल, नरेश गंभीर, जियालाल जैन, सुरेंद्र उपाध्याय, संजय मल्होत्रा, अशोक धमीजा, अशोक अश्विनी, नरेश मैरोडिया, विजय मोहन शर्मा व बलवान शर्मा आदि साधक उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं ने हवन में डाली आहुतियां

- श्रद्धालुओं ने नगर खेड़ा पर पूजन किया, भंडारे में नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा


पानीपत। समालखा के कालीरामना पाने में नगर खेड़ा पर पूजन करते श्रद्धालु।

समालखा के कालीरामना पाने में नगर खेड़ा पर यज्ञ कर भंडारे का आयोजन हुआ। किया गया। वहीं कालीरामना पाना निवासियों ने नगर खेडा का पूजन किया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इधर, इस धार्मिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राजकुमार कालीरामणा ने कहा कि पाने के बुजुर्गो ने ही समालखा को बसाया था। वहीं, दादा खेड़े यानि ग्राम देवता का यह आयोजन गांव और क्षेत्र में सुख-शांति व समृद्धि की कामना के लिए किया जाता है। इस अवसर पर विकास पटवारी, संदीप उर्फ काला, केवल कृष्ण, रमेश, सचिन, बलराज, अनिल, विक्रम एमसी, ताराचन्द, सुरेश गिल, जोगिंद्र, धर्मेंद्र, राजेन्द्र, परस राम, पवन, ईश्वर, कुलबीर, उमेद, जिले सिंह, सतपाल, नरेश, सतबीर, धर्मबीर, दयाल, कुलबीर, गजेंद्र, सोनू, देवेन्द्र, जितेन्द्र, सोनू,अमित समेत बडी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।


**पानीपत।** समालखा में नागरिक नशे के विरुद्ध शपथ लेते हुए।

### इंसान को बर्बाद कर देती है नशे की लत : प्रणय

**समालखा।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस के कुशल नेतृत्व में पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में रविवार को जिला पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने समालखा के वार्ड नंबर आठ, नौ व 11 में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। वहीं, पुलिस टीम ने इस दौरान वार्ड में घर घर जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया और उन्हें बताया कि नशे की लत धीरे-धीरे व्यक्ति को अपने जाल में फंसा लेती है, जिससे उसका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित होता है। इसके साथ ही आर्थिक स्थिति भी कमजोर हो जाती है, जिससे परिवार को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है।

---

# जरूरतमंदों को निःशुल्क मेडिकल सेवा देना मानवीय कर्तव्य : डॉ नैन

- इनेलो के राष्ट्रीय सचिव बनने पर डॉ. नवीन नैन भालसी का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** गांव भालसी में डॉ नवीन नैन का स्वागत करते हुए ग्रामीण

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) में राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी मिलने के बाद समाज सेवा की दिशा में सक्रिय पहल करते हुए डॉ. नवीन नैन भालसी द्वारा ग्राम भालसी स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में द्वितीय निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित करवाया। वहीं, कैंप में गांव भालसी ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने चिकित्सा सेवाएं ली। इधर, डॉ नवीन ने मेडिकल कैंप का शुभारंभ किया, इस अवसर पर ग्रामीणों ने डॉ. नवीन नैन भालसी का फूलमालओं से जोरदार स्वागत किया। कैंप में रविंद्रा अस्पताल के डॉक्टर ऋषभ नंदा, डॉ आशीष सहगल ने अपनी मेडिकल टीम के साथ ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा। वहीं, डॉ नवीन ने बताया कि कैंप में ग्रामीणों का बीपी, ब्लड शुगर, ईसीजी की जांच व दवाइयों निशुल्क की गई। डॉ नवीन ने कहा कि जरूरतमंदों के लिए चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना उनका मानवीय कर्तव्य है। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) में राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी मिलने के बाद समाज सेवा की दिशा में सक्रिय पहल करते हुए डॉ. नवीन नैन भालसी द्वारा ग्राम भालसी स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में द्वितीय निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित करवाया।

### अंधविश्वास में गई महिला की जान

**पानीपत।** पानीपत के संजय चौक क्षेत्र निवासी एक घर में महिला को बिजली का करंट लग गया और वह बेहोश हो गई। इधर अंधविश्वासी किसी व्यक्ति के हने पर परिजनों ने महिला को पास में ही निर्माणाधीन नाले में मिट्टी में दबा दिया।

महिला अंधविश्वास के चक्कर में करीब बीस मिनट तक मिट्टी में दबी रही। परिजनों को बताया गया था कि महिला के शरीर में फैले करंट को मिट्टी सोख लेगी। इसके चलते परिजनों ने महिला का शरीर गर्दन से नीचे तक मिट्टी में दबाए रखा, वहीं, महिला के मुंह में कपड़ा भी ठूंस दिया गया, लेकिन महिला को होश नहीं आया7 इधर, अज्ञात व्यक्ति की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां मेडिकल जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया गया। इधर, महिला की मौत के मामले की थाना सिटी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस प्रशासन की जनता के लिए एडवाइजरी जारी

# साइबर ठगी के जाल से बचने के लिए सतर्कता बरतें आमजन : एसपी

- साइबर अपराधी ठगी के नए-नए तरीके अपना कर लोगों के साथ ठगी की वारदातों को अजाम दे रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरूद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर के प्रलोभन से बचें। पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह ने साइबर फ्रॉड बारें जानकारी देते हुए बताया कि इंटरनेट की दुनिया में साइबर अपराधी ठगी के नए-नए तरीके अपना कर लोगों के साथ ठगी की वारदातों को अजाम दे रहे हैं। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ऐसे किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आए और अपनी निजी जानकारी किसी के साथ शेयर न करें। अंजान व्यक्तियों से प्राप्त लिंक पर क्लिक न करें। ऐसा करने से आप साइबर ठगों जाल में फंसकर अपनी जमापूंजी गवा सकते हैं।

### सोशल प्लेटफार्म पर प्रलोभनों से रहें सावधान



साइबर ठगों द्वारा सोशल मीडिया पर लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। इनमे से एक ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर का झूठा प्रलोभन देकर लोगों के साथ ठगी करने का तरीका भी सामने आया है। साइबर ठग लोगों को ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब देने का ऑफर करते हुए दिन में 1 से 2 घंटे तक काम करके हजारों रूपये प्रतिदिन कमाने का लालच देते है। इस प्रकार के लुभावने ऑफर को देखकर लोग आसानी से इनके जाल में फंस जाते है। वहीं, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ऐसे किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आए और अपनी निजी जानकारी किसी के साथ शेयर न करें। अंजान व्यक्तियों से प्राप्त लिंक पर क्लिक न करें।

## जमीन से मिट्टी उठाने के बाद मिले पैसों के बंटवारे को लेकर चल रहा था विवाद

# पैसों के लालच में युवक ने अपने ही परिवार के तीन सदस्यों का किया बेरहमी से कत्ल, बाइक पर फरार

### झगड़े के बाद पहले भाई को मारी गोली, फिर परिवार के दूसरे सदस्य बनाए निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

पैसों के लालच में एक युवक ने अपने परिवार के तीन लोगों का बेरहमी से कत्ल कर दिया। यह सनसनीखेज वारदात गांव बिचपडी में हुई। आरोपी ने शनिवार देर शाम जमीन से मिट्टी बेचने व पैसे के लेनदेन को लेकर तिहरे हत्या हत्याकांड को अंजाम दिया। एक व्यक्ति की मौत शनिवार को हो गई जबकि जख्मी लोगों ने रविवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वारदरत के बाद से आरोपी फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। दरअसल शनिवार शाम को घरेलू विवाद के चलते गांव के रहने वाले अभिषेक ने अपने परिवार पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी। आरोपी ने अपनी सगी दादी, भाई व चाचा_ चाची को निशाना बनाया था। गोली लगने के कारण लगभग 95 वर्षीय दादी इसरो देवी की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि 40 वर्षीय भाई संदीप, 50 वर्षीय चाचा महिंदर व 45 वर्षीय चाची सुनीता बुरी तरह से जख्मी हुई थी। उपचार के दौरान अब भाई संदीप व चाचा महिंदर ने भी दम तोड़ दिया। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया।



शहजादपुर। चाची को गोली मारता व वारदात के बाद फरार होता आरोपी।

भाई द्वारा बेरहमी से कत्ल किए गए संदीप की पत्नी नेहा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके ससुर व भाइयों की जमीन अलग अलग है। ससुर ने देवर अभिषेक के साथ मिलकर अपनी जमीन व मेरे चाचा ससुर महिंद्र की जमीन से काफी मिट्टी बेच दी थी। मिट्टी बेचने के बाद ससुर सतबीर व देवर अभिषेक ने सारे पैसे आपस में बांट लिए थे। उसने बताया कि हमें व मेरे चाचा महिंद्र सिह को कोई पैसा नहीं दिया गया था जबकि उनके हिस्से की जमीन से भी मिट्टी बेची गई थी। इस बात को लेकर पति संदीप व चाचा ससुर महिंद्र सिह ने कई बार ससुर सतबीर व देवर अभिषेक से अपने हिस्सा की मांग की थी। इस बात को लेकर दोनों गुटों में काफी बहस हुई थी। उसने बताया कि शनिवार को भी उसकी सास ऊषा ससुर सतबीर, देवर अभिषेक सभी घर पर मौजूद थे। पैसे के लेनदेन को लेकर मेरी सास व ससुर व देवर ने मेरे पति संदीप के साथ झगडा शुरू कर दिया। तब झगड़े से टलकर मेरा पति संदीप मोटरसाइकिल पर सवार होकर दूध डालने के लिए चल दिया। दूसरे कमरे में उसकी सास ऊषा ससुर सतबीर देवर अभिषेक बैठे थे। सास व ससुर कहने लगे की हम तो रोज रोज के झगड़े से तंग आ चुके हैं। तब अभिषेक एक दम से उनके पास से उठकर अपने हाथ में पिस्तौल लेकर मुख्य गेट पर आ गया। उसने तभी अपने भाई संदीप पर फायरिंग कर दी। संदीप को गोली मारने के बाद अभिषेक ने घर के मुख्य गेट पर बैठे महिंद्र सिंह को भी गोली मार दी। चीखते हुए उसने कहा कि वह अब किसी को नहीं छोड़ेगा। इसके बाद वह पिस्तौल लेकर चाचा महिंद्र सिह के मकान में चला गया। दादी सास इशरो देवी व चाची गोलियों की आवाज सुनकर गली में आ गई। यहां अभिषेक ने दादी सास इशरो देवी व चाची सास सुनीत को भी गोली मार दी। मौके

## भाई की गोली मारकर हत्या की फिर चाचा को निशाना बनाया

हरिभूमि न्यूज. शहजादपुर

छोटे से लालच में आरोपी अभिषेक ने अपने पूरे परिवार को बर्बाद कर दिया। परिजनों पर बेहरमी से फायरिंग कर वह आराम से फरार हो गया। अपनी चाची को उसने बिल्कुल पास से गोली मारी। सीसीटीवी कैमरे में आरोपी का जुर्म कैद हो गया। इसके बाद सीसीटीवी कैमरे में ही आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार होता भी कैद हो गया। फुटेज के आधार पर ही अब


मृतक संदीप व दादी इशरो देवी।

पुलिस आरोपी को पकड़ने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने मृतक संदीप की पत्नी नेहा की शिकायत पर आरोपी अभिषेक के साथ सास,ससुर को भी आरोपी बनाया है।आरोपी अभिषेक द्वारा बेरहमी से कत्ल किए गए संदीप की शादी दो साल पहले ही परिवादी नेहा से हुई थी। शादी के बाद से नेहा व संदीप बेहद खुश थे। मगर परिवार में पैसे के लेनदेन को लेकर

### आरोपी डी फार्मा का छात्र

नेहा पुलिस को बताया कि उसका आरोपी देवर परिवार में सबसे छोटा है। वह स्वामी देवी दयाल कॉलेज बागवाली से डी-फार्मा का कोर्स कर रहा है। उसके ससुर सतबीर सिंह तीन भाई हैं। सबसे बड़ा भाई जगबीर सिंह अपने परिवार सहित गांव फतेहपुर में रहता है। उससे छोटा सतबीर है जबकि सबसे छोटा भाई महिंद्र सिंह है। उसने बताया कि चाचा ससुर महिंद्र हमारे मकान के पीछे गली में रहता था। उसके पास कोई औलाद नहीं है। दादी सास इशरो देवी व चाचा महिंद्र पत्नी सुनीता के साथ एक साथ ही रहते थे। परिवादी नेहा का आरोप है कि उसके ससुर सतबीर, सास ऊषा व देवर अभिषेक ने आपस में साजबाज होकर एक षडयंत्र के तहत उसके पति संदीप, इशरो देवी, महिंद्र सिह का कत्ल किया है।

### आरोपी कैमरे में कैद

आरोपी अभिषेक ने सुनीता को बेहद पास से गोली मारी। वारदात की पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में नजर आ रहा है कि किस प्रकार आरोपी अभिषेक पहले अपने चाचा के घर गया। वापिस आकर अपने मां बाप के सामने अपने ही घर मे अपने बड़े भाई पर गोलियां मारी। मौके पर पहुंचे अपने चाचा पर फायर कर दिया। उसके बाद चाचा के घर जाकर अपनी दादी को भी गोली मार दी।


जींद। बैठक में भाग लेते संस्था पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

## यथार्थवाद को बढ़ाना ही हमारा उद्देश्य : आकाश

■ विवि की वार्षिक कला प्रदर्शनी में सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसाइटी देगी दो सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग की वार्षिक कला प्रदर्शनी में इस वर्ष से सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसाइटी द्वारा दो वार्षिक सम्मान प्रदान किए जाएंगें। संबंध में विवि के ललित कला विभाग ने सोसाइटी के प्रस्ताव को औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। सोसाइटी द्वारा संस्थापित किए जाने वाले सम्मानों में श्रामकिंकर बैज अवार्ड तथा अमृता शेरगिल अवार्ड शामिल हैं। श्रामकिंकर बैज अवार्ड सोसाइटी स्वर्गीय हरबंस कौर चीमा की स्मृति में तथा अमृता शेरगिल अवार्ड स्वर्गीय भगवत दयाल गौर की स्मृति में प्रदान किया जाएगा। ये सम्मान वार्षिक कला प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रदान किए जाएंगे। यह पुरस्कार बीएफए और एमएफए के छात्रों को दिया जाएगा। पुरस्कारों में नगद राशि, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह शामिल होंगे। सोसाइटी द्वारा गठित चयन समिति ने वार्षिक कला प्रदर्शनी में चयनित विद्यार्थियों में से अंतिम विजेताओं के नाम पर मोहर लगा दी है। सोसाइटी द्वारा जल्द ही विवि प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिल कर विजेताओं को सम्मान दिए जाएंगें। ललित कला विभागाध्यक्ष डा. जसवीर सिंह ने बताया कि इस प्रकार के सम्मान छात्रों को सृजनात्मक अभिव्यक्ति के लिए प्रेरित करेंगे तथा कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। कहा कि महान कलाकारों रामकिंकर बैज और अमृता शेरगिल के नाम पर दिए जाने वाले ये सम्मान प्रदर्शनी की गरिमा को और बढ़ाएंगे। सोसाइटी के उपाध्यक्ष आकाश गौड़ ने कहा कि संस्था का उद्देश्य कला में यथार्थवाद और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। कहा कि युवा कलाकारों को मंच और सम्मान मिलने से उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे समाज और संस्कृति से जुड़े विषयों को अपनी कला के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर पाते हैं। आशा व्यक्त की कि सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसाइटी और चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित होने वाली वार्षिक कला प्रदर्शनी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगी।

## परिवहन मंत्री विज बोले, चिट्ठी भेज देते तब भी करता कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज सदैव जनता को समर्पित रहते हैं। इसी का उदाहरण तब देखने को मिला जब हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के सैकड़ों सदस्य उनकी कॉलोनी के बाहर अपनी मांगों को लेकर पहुंचे तो मंत्री अनिल विज स्वयं उनके बीच पहुंच गए और यूनियन सदस्यों को संबोधित किया। परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि कर्मचारी यदि उन्हें चिट्ठी भी भेज देते तो भी वह उसपर कार्रवाई करते। विज राज्यभर से आए रोडवेज कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने यूनियन पदाधिकारियों की बात सुनी है। ज्ञापन ले लिया है। उन्होंने चंडीगढ़ में विभागीय अधिकारियों से भी इस संबंध में बातचीत की है। उन्होंने बताया कि आगामी नौ जून को वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों और यूनियन पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। एक-एक बिंदु पर विचार करेंगे। इससे पहले मंत्री अनिल विज ने यूनियन के पदाधिकारियों की से ज्ञापन भी लिया।


अंबाला। कर्मचारियों से ज्ञापन लेते मंत्री अनिल विज। फोटो :हरिभूमि

### गर्मी का प्रकोप जारी

**अंबाला।** सिविल सर्जन डॉ रेनू बेरी ने गर्मी के प्रकोप के कारण एवं जल जनित रोगों से बचाव को देखते सभी सरकारी एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों को सुझाव एवं निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने हेतु अनुरोध किया है। कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों के एमरजेंसी विभाग को अलर्ट मोड पर रखा जाए। यदि किसी भी प्रकार के हीट वेव रिलेटेड इलनेस अथवा वाटर बोर्न डिजीज से संबंधित मरीज आते हैं तो उनके उपचार हेतु आवश्यक दवाइयों, बेड, ओआरएस, पीने के पानी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। यदि किसी एक क्षेत्र से पांच या अधिक मरीज टाइफाइड, दस्त, उल्टी, हेपेटाइटिस, पीलिया, तेज बुखार आदि शिकायतों के साथ आते हैं, तो इसकी सूचना तुरंत सिविल सर्जन कार्यालय को दी जाए।

## मंत्री अनिल विज ने सांझा किए कॉलेज के दिन

### छावनी के सनातन धर्म कॉलेज में 'एसडीयंस यादें' पूर्व छात्र मिलन समारोह

■ मंत्री ने आयोजन कमेटी को स्वैच्छिक कोष से दस लाख की राशि प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि जिस शिक्षण संस्थान में हम शिक्षा पूर्ण कर जब आगे निकल जाते हैं तो दिल का एक टुकड़ा वहीं पीछे रह जाता है। वह समय-समय पर हम कहीं पर भी हो हमें वापस खींचता रहता है। यहीं कारण है जब पूर्व छात्र मिलन समारोह जैसे आयोजन होते है तो घड़ी की सूई उल्टी घूम जाती है। विज गत देर शाम अंबाला छावनी के सनातन धर्म कॉलेज में 'एसडीयंस यादें' पूर्व छात्र मिलन समारोह 2026 में बोल रहे थे। इस अवसर पर कॉलेज के पूर्व विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा वर्तमान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बनाया। मंत्री ने कार्यक्रम के आयोजन कमेटी को अपने स्वैच्छिक कोष से दस लाख की राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि कालेज में बिताए वो दिन, जो शिक्षा प्राप्त की होती है, जो दोस्त होते हैं, जो शिक्षक होते है, यह जो कॉलेज है वह सपनों का बाजार है।


अंबाला। पूर्व छात्रों के साथ मौजूद मंत्री अनिल विज। फोटो :हरिभूमि

### कभी फेल नहीं हुए

मगर फिर भी यह ऐसी जगह है यहां कुछ न कुछ बनकर ही निकलते हैं। विज ने कहा कि वह भी यहां का विद्यार्थी रहे हैं। उन्होंने 1968 में 10वीं की थी। माता-पिता ने यहां एसडी कॉलेज में भेजा था। वह सामान्य विद्यार्थी थे, मगर वह कभी फेल नहीं हुए। वह खाली मन से इस कॉलेज में आए थे। उन्हें नहीं पता था कि वह भविष्य में क्या बनेंगे। अब वह जहां है उन्होंने कभी नहीं चाहा था कि वह इस क्षेत्र में आए।

### लोन दिलाने के नाम पर ठगी का आरोपी दबोचा

**अंबाला।** पुलिस ने बैंक लोन के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना महेश नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से ठगी गई पूरी राशि 66,350 रुपये बरामद कर ली है। धूलकोट के सागरने दिनांक 2 दिसंबर 2025 को थाना महेश नगर में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी ने 7 जुलाई 2025 को सागर को बैंक से बड़ी धनराशि का लोन दिलाने का झांसा दिया और उससे 66,350 रुपये ठग लिए। पकड़े गए आरोपी की पहचान नवीन कुमार निवासी गांव बरोटीवाला देहरादून के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से ठगी गई पूरी शत-प्रतिशत राशि (66,350 रुपये) बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

## दशमेश पब्लिक स्कूल का संचालक गिरफ्तार, डमी के जरिए छात्रों को फर्जी तरीके से परीक्षाओं में पास करवाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीएम फ्लाइंग ने अंबाला शहर के सुल्तानपुर स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल के संचालक मनमोहन सिंह सोहल को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में डमी परीक्षार्थियों को बैठाकर छात्रों को फर्जी तरीके से पास कराने का गंभीर आरोप है।

जांच में सामने आया है कि आरोपी फेल छात्रों और उनके अभिभावकों को सरकारी नौकरी दिलाने का सपना दिखाकर अपने जाल में फंसाता था। इसके बाद वह प्रत्येक छात्र से 60 हजार रुपए से लेकर 1.20 लाख रुपए तक की रकम लेकर उनकी जगह पढ़े-लिखे 'डमी स्कॉलर' को परीक्षा में बैठाता था। आरोपी ने पूछताछ में दावा किया कि उसने इस तरीके से हजारों छात्रों को पास करवाया है जिनमें से कई विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी भी कर रहे हैं। सीएम फ्लाइंग के उप निरीक्षक प्रविंद्र कुमार को 15 फरवरी 2026 को इस फर्जीवाड़े की सूचना मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की। उप निरीक्षक खुद फर्जी अभिभावक बनकर स्कूल पहुंचे। अपने बेटे को 12वीं पास कराने की बात कही। स्कूल संचालक मनमोहन सिंह ने असली छात्र की जगह किसी अन्य व्यक्ति को परीक्षा में बैठाने का सौदा 65 हजार रुपए में तय कर लिया। आरोपी ने यह भी कबूल किया कि इस खेल के लिए नूंह के परीक्षा केंद्रों को चुना जाता था क्योंकि वहां निगरानी व्यवस्था कमजोर रहती है। पुलिस अधिकारी ने पूरी बातचीत और सौदेबाजी को मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। इसे अब केस का अहम डिजिटल साक्ष्य बनाया गया है। लगातार सबूत जुटाने के बाद सीएम फ्लाइंग ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त छापेमारी की। इस दौरान आरोपी के स्कूटर और स्कूल कार्यालय की अलमारी से बड़ी संख्या में संदिग्ध छात्रों के परीक्षा परिणामों की प्रतियां बरामद हुईं।

### बैंक खातों की जांच कर रही पुलिस

पुलिस अब आरोपी के बैंक खातों की जांच कर रही है। साथ ही असली छात्रों की लिखावट का मिलान डमी परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं से कराने की तैयारी की जा रही है ताकि पूरे सिंडिकेट का पर्दाफाश किया जा सके।

## मैक्स अस्पताल मोहाली में गॉल ब्लैडर की जटिल सर्जरी

**मोहाली।** मैक्स अस्पताल, मोहाली के डॉक्टरों ने अंबाला निवासी 42 वर्षीय व्यक्ति की गॉल ब्लैडर की एक दुर्लभ और जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की। पेशेंट गंभीर पेट दर्द के साथ-साथ लिवर में रक्त की आपूर्ति को प्रभावित करने वाली एक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित थे। पारस धीमान को तीन महीने पहले गॉलस्टोन्स और गॉल ब्लैडर के संक्रमण के साथ-साथ पोर्टल कैवरनोमा नामक दुर्लभ मेडिकल कंडीशन का पता चला था, जिसमें लिवर को रक्त की आपूर्ति करने वाली मुख्य नस अवरुद्ध हो जाती है और उसकी जगह कई नाजुक रक्त वाहिकाएं ले लेती हैं। इस स्थिति के कारण सर्जरी बेहद जोखिम भरी थी, क्योंकि मामूली सी भी गड़बड़ी से गंभीर रक्तस्राव हो सकता था। विस्तृत मूल्यांकन के बाद, मैक्स अस्पताल के जनरल सर्जरी, लेप्रोस्कोपिक, एमएएमएस और जीआई सर्जरी, एचपीबी सर्जरी और लिवर ट्रांसप्लांटेशन विभाग के निदेशक डॉ मनमोहन सिंह बेदी के नेतृत्व में एक टीम ने न्यूनतम इनवेसिव लैप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टॉमी का उपयोग करके सर्जरी करने का निर्णय लिया।

### सेहत में तेजी से सुधार



सर्जरी अत्यंत सटीकता और सावधानी के साथ की गई। टीम ने लिवर के आसपास की नाजुक रक्त वाहिकाओं का सावधानीपूर्वक ध्यान रखते संक्रमित पित्ताशय को सफलतापूर्वक निकाल दिया। सर्जरी के बाद, पेशेंट की सेहत में तेजी से सुधार हुआ और उसे अगले ही दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। कुछ ही समय बाद वह अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट आया। डॉ बेदी ने कहा, पेशेंट की अंडरलाइंग वैस्कुलर कंडीशन के कारण यह एक अत्यंत जटिल मामला था। विस्तृत योजना और सटीक सर्जिकल प्रक्रिया के साथ, सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई और पेशेंट की सेहत में तेजी से सुधार हुआ।

### मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण जारी :अजय

**अंबाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है ताकि वोटर लिस्ट से संबंधित शुद्धिकरण का कार्य हो सके। उपायुक्त ने बताया कि इस कार्य के तहत एक जुलाई 2026 को अर्हता तिथि मानकर जो भी युवा 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है वह अपनी वोट बनवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम के दृष्टिगत 15 जून 2026 से 14 जुलाई 2026 तक बीएलओ घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म वितरित करेंगे। इस फार्म को मतदाता साइन सहित भरना सुनिश्चित करेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### जमानत देने वाले आरोपी को पकड़ा

**अंबाला।** पुलिस ने न्यायालय में फर्जी दस्तावेज देखकर जमानत देने के मामले में एक आरोपी को काबू किया है। थाना अंबाला शहर की टीम ने एक महत्वपूर्ण गिरफ्तारी की है। सहायक उप निरीक्षक रणदीप सिंह के अनुसार, पकड़ा गया आरोपी माननीय न्यायालय के समक्ष फर्जी जमानती बनकर पेश हुआ था। और जाली दस्तावेजों के आधार पर जमानत की प्रक्रिया पूरी की थी। यह मामला वर्ष फ़रवरी 2026 में अंबाला शहर थाने में दर्ज किया गया था। तब से पुलिस आरोपी की तलाश में विभिन्न ठिकानों पर दबिश दे रही थी। आरोपी की पहचान और स्थान का पता लगाने के लिए पुलिस ने निरंतर तकनीकी निगरानी और खुफिया जानकारी का सहारा लिया।

### भाजपा अध्यक्ष ने किया प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन सत्र का शुभारंभ

## भाजपा विचारवाद के आधार पर चलने वाली पार्टी

■ भाजपा का उद्देश्य राष्ट्र चेतना को जागृत करना और समाज का हर वर्ग राष्ट्र निर्माण से जोड़ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, विकास और वैचारिक मूल्यों से अवगत कराया गया। इस दौरान वरिष्ठ नेताओं और वक्ताओं ने राष्ट्र के समक्ष चुनौतियाँ, चुनाव प्रबंधन, वैचारिक अधिष्ठान, केंद्र सरकार की गरीब कल्याण योजनाएँ, सोशल मीडिया और आईटी मीडिया की भूमिका जैसे विषयों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बड़ौली ने भाजपा के इतिहास और विकास विषय पर बोलते हुए कहा कि भाजपा परिवारवाद नहीं, बल्कि विचारवाद के आधार पर चलने वाली पार्टी है। कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना को जागृत करना और समाज के हर वर्ग को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है। कहा कि भारतीय जनसंघ से शुरू हुई यात्रा आज भारतीय जनता पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक संस्था के रूप में स्थापित कर चुकी है। संघर्ष, समर्पण और विचारधारा की शक्ति के बल पर भाजपा ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते जनसेवा का मार्ग प्रशस्त किया है।



अंबाला। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली।

### युवाओं के हित में अनेक योजनाएं

मंत्री रणबीर गंगवा ने केंद्र सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गरीब, किसान, महिला और युवाओं के हित में अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीब आदमी को मुफ्त इलाज, राशन और